हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025
कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

13 सिवनीकला सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ मृतक के परिजन ...



14 नगर निगम की वसूली सुपरफास्ट, आधे से ज्यादा...



## खबर संक्षेप

### विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव आज



**धमतरी।** स्थानीय बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में 23 दिसंबर को विधानसभा स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में धमतरी एवं कुरूद विधानसभा क्षेत्र के वे संकुल स्तरीय प्रतिभागी एवं टीमें भाग लेंगी, जिन्होंने प्रथम चरण में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### मानस महासम्मेलन समिति की बैठक आज

**नगरी।** ग्राम सांकरा की श्रीराम सेवा एवं श्री रामचरित मानस महासम्मेलन समिति की बैठक 23 दिसंबर को मानस भवन में आयोजित की गई है। बैठक में मानस सम्मेलन समिति के आजीवन संरक्षक, आजीवन सदस्य, पदाधिकारी, सांकरा क्षेत्र के सभी रामायण मंडली अध्यक्ष, ग्रामवासियों से उपस्थिति की अपील मानस समिति अध्यक्ष सुरेश साहू ने की है। यह जानकारी मानस सम्मेलन समिति सांकरा के आजीवन संरक्षक राजू पटेल ने दी।

### प्रायोगिक परीक्षा आज

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर धमतरी में बीसीए एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के ऑफिस ऑटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा 23 दिसम्बर को प्रातः 9:30 बजे होगी। छात्र-छात्राएं अनिवार्य रूप से कॉलेज में प्रवेश पत्र एवं प्रायोगिक परीक्षा की कॉपी के साथ नियत समय पर उपस्थित हों। यह जानकारी डॉ आशीष नामदेव कॉम्पटेक महाविद्यालय ने दी।

### बेंद्रानवागांव मड़ई 25 को

**पुरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से बेंद्रानवागांव में 25 दिसंबर को मड़ई रखी गई है। रात में राम लखन का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच प्रशुन संजय शुक्ला, उत्तरा दामिनी ने दी।

### दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 जनवरी को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा विवाह योग्य दिव्यांग युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन 4 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक छत्तीसगढ़ महतारी काली मंदिर प्रांगण कुरुद में रखा गया है। आयोजन की तैयारी में घनश्याम सिंह साहू, चित्रकांत सोनकर, सीएल चंद्राकर, शंकर साहू, सीएल धीवर, यूसुफ खान, रेणुका साहू, ममता चंद्राकर, चमेली नेताम, साधना शुक्ला, हेमंत साहू, किशोर नवरंगे, बलीराम, राजू भार्गव और कविता यादव जुटे हैं।

### ऑनलाइन पंजीयन तिथि में वृद्धि

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो विभाग द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनका शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई पोस्टमेट्रिक-स्कालरशिप डाट सीज डाट नीक डाट इन वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पंजीयन हेतु नवीन नवीनीकरण 15 जनवरी तक किया जा सकता है।

---

जिले में शिक्षा के मंदिरों की हालत दयनीय, नवीन शाला भवन के लिए तालाबंदी की चेतावनी

# खौफ के साये में खुले में लगती हैं प्राइमरी की 25 फीसदी शालाएं

■ स्कूल मरम्मत के लिए पंचायतों को मिले हैं 74 लाख : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में शिक्षा के मंदिरों की हालत दयनीय है। यहां की करीब 900 प्राथमिक शाला में से 250 से अधिक भवन डिस्मेंटल लायक हैं। हालत यह है कि कई स्कूल के बच्चे खुले मैदान में पढ़ने को बेबस है। वहीं अनेक स्कूल भवन में बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं। शिक्षा विभाग ने 60 स्कूल को भवनविहीन तथा डिस्मेंटल योग्य बताया है। इसके अलावा 215 स्कूल भवन जर्जर होने की शिकायत है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन ग्राम पंचायत गिधावा सरपंच शकुंलता ठाकुर, जनभागीदारी विकास समिति अध्यक्ष गोविंद राम ने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में कहा है कि बेलरगांव तहसील के ग्राम पंचायत गिधावा में सन 1964 से प्राथमिक शाला संचालित हैं। इस स्कूल में दर्ज संख्या 52 तथा 2 शिक्षक पदस्थ हैं। प्राइमरी स्कूल भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है, जहां शाला का संचालन संभव नहीं है। एक अतिरिक्त कक्ष है। वह भी जर्जर स्थिति में हैं। गांव में शाला संचालन के लिए कोई अन्य स्थान नहीं है। सामाजिक एवं सामुदायिक भवन भी नहीं है। स्कूल के बच्चे खुले मैदान में पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। ठंड, गर्मी, बारिश से स्कूल संचालन प्रभावित होता है। अप्रिय घटना का भय बना रहता है। शिक्षा गुणवत्ता में कमी आती है। छात्रों के सिर पर छत नहीं होने से शिक्षा का अनुकूल वातावरण नहीं मिल पा रहा है।

आवेदन में कहा गया है कि सत्र 2025-26 में विभाग के माध्यम से बार-बार जानकारी एवं प्रस्ताव भेजा गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। समय रहते किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर छात्रहित एवं जान माल की हानि के भय के कारण ग्रामवासी स्कूल में तालाबंदी करने के लिए बाध्य होंगे। नवीन शाला भवन स्वीकृति की मांग की गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 876 प्राथमिक शाला, 447 माध्यमिक, 57 हाईस्कूल तथा 111 हायर सेकेंडरी स्कूल भवन है। जिले में भवनविहीन तथा डिस्मेंटल योग्य 60 स्कूल है, जिसमें अधिकांश भवन प्राथमिक शाला के हैं। भवनविहीन एवं डिस्मेंटल योग्य स्कूलों में धमतरी ब्लाक में 24, कुरूद में 12, मगरलोड में 8, नगरी में 16 है। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि जिले में 60 स्कूल भवन डिस्मेंटल योग्य प्रमाणित है। 215 स्कूलों के जर्जर होने की शिकायत है जिसकी जांच पीडब्ल्यूडी या आरईएस विभाग द्वारा की जाती है। जांच के बाद डिस्मेंटल योग्य है या मरम्मत योग्य। यह पता चलेगा। 74 लाख रूपये भवन मरम्मत के लिए पंचायतों को दिये गए है। बजट मिलने पर नवीन शाला की स्वीकृति मिलेगी।



#### बोकराबेड़ा में नवीन शाला भवन की मांग

एक अन्य आवेदन में गढ़डोंगरी पंचायत के गांव बोकराबेड़ा में नवीन शाला भवन की मांग करते हुए कहा है कि जर्जर होने के कारण पुराने स्कूल भवन को तोड़ दिया गया है। माध्यमिक शाला भवन में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। नवीन शाला भवन स्वीकृति की मांग की गई है।

#### खुले मैदान में पढ़ने की मजबूरी

बेलरगांव तहसील के ग्राम पंचायत गढ़डोंगरी (रैयत) के सरपंच श्री मरकाम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पीआर ध्रुव, दलगंजम मरकाम, सदाराम मरकाम, जनक राम, नरेश भास्कर, जगलाल कोर्राम ने कहा है कि शाला प्राथमिक शाला गोहानपारा का भवन जर्जर होने से डिस्मेंटल किया जा चुका है। यहां अतिरिक्त कक्ष नहीं है। गांव में सामुदायिक भवन, रंग मंच, चौपाल, मांगलिग भवन भी नहीं है। छात्रों को खुले मैदान में बैठाकर अध्ययन अध्यापन कराया जा रहा है। शीतलहर से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी प्रकार गर्मी में लू तथा बरसात में अतिवृष्टि से भय बना रहता है। खुले मैदान में बैठने से कीड़े मकोड़े, जहरीले जीव जंतुओं का डर रहता है। पालक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने शाला में तालाबंदी की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने गोहानपारा स्कूल के लिए कम से कम तीन अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

---

## रेलवे विस्थापितों ने डागा धर्मशाला परिसर खाली करने से किया इंकार

**धमतरी।** रेलवे परियोजना के तहत अतिक्रमण हटाए जाने के बाद विस्थापित हुए 28 परिवारों का मामला अब नगर निगम के लिए नई चुनौती बन गया है। इन परिवारों ने डागा धर्मशाला परिसर में झोपड़ियां बनाकर अस्थायी रूप से डेरा जमा लिया है और निगम द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक स्थान पर जाने से साफ इंकार कर दिया है।

महापौर रामू रोहरा स्वयं डागा धर्मशाला पहुंचे और रेलवे से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान महापौर ने प्रभावितों से अपील की कि वे नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे पुरानी मंडी क्षेत्र में अस्थायी रूप से शिफ्ट हो जाएं, जहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और प्रभावित परिवारों को पुरानी मंडी में स्थानांतरित होने के लिए समझाइश दी। निगम अधिकारियों ने बताया कि वहां बिजली, पानी सहित आवश्यक व्यवस्थाएं कर दी जाएंगी, ताकि परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। हालांकि मौके पर मौजूद रेलवे प्रभावित परिवार अपने फैसले पर अड़े रहे। उन्होंने निगम अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे डागा धर्मशाला परिसर से नहीं हटेंगे। प्रभावितों का तर्क है कि यह जमीन नगर निगम की है, इसलिए वे यहीं रहना चाहते हैं।

इस पूरे घटनाक्रम से निगम प्रशासन असमंजस में है। एक ओर सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अवैध कब्जे का सवाल है, तो दूसरी ओर विस्थापित परिवारों के पुनर्वास की संवेदनशील जिम्मेदारी। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन पाई है और स्थिति यथावत बनी हुई है।

## गर्भवती महिला की एम्बुलेंस में हुई डिलीवरी

■ जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अस्पताल ले जाते समय प्रसव पीड़ा तेज हो जाने से संजीवनी 108 की टीम ने गर्भवती महिला की रास्ते में ही एम्बुलेंस पर सुरक्षित डिलीवरी कराई। जच्चा-बच्चा दोनों को नगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में इमरजेसी सेवा में अहम भूमिका निभा रही संजीवनी 108 एम्बुलेंस मरीजों व गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। घटना-दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच संजीवनी कर्मी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका जीवन बचा रहे हैं। वहीं गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिए समय रहते नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाते हैं। आपातकालीन स्थिति होने पर प्रशिक्षित संजीवनी 108 कर्मियों की टीम सुरक्षित ढंग से प्रसव भी कराती है। कुछ इसी तरह की स्थिति नगरी ब्लाक के ग्राम अर्जुनी में बन गई थी। ग्राम अर्जुनी थाना नगरी निवासी ममता यादव उम्र 26 वर्ष का परिवार खेती किसानी करता है। उसकी पहली संतान के रूप में एक बेटी है। महिला दूसरी बार गर्भवती हुई। गर्भधारण का समय पूरा होने पर उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई जिसे देख परिजनों ने संजीवनी 108 को सूचना दी। सूचना पर संजीवनी कर्मी ईएमटी तोमेन्द्र वर्मा व पायलट प्रवीण दास ग्राम अर्जुनी पहुंच गए जहां से महिला को एम्बुलेंस से प्रसव के लिए नगरी सामुदायिक अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान गांव से निकलते ही रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा तेज हो गई। आपात स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस को रास्ते में रोककर चिकित्सकीय परामर्श व सावधानियों के साथ ईएमटी तोमेन्द्र वर्मा ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। दोनों को चेकअप के लिए नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। आर्ब्जवेशन में रखा गया है। डिलीवरी सकुशल हो जाने से परिजनों ने संजीवनी 108 एम्बुलेंस के प्रति आभार व्यक्त किया है।



---

## कचना में अवैध शराब जब्त, कुरूद में चखना ठेलों पर कसा शिकंजा

■ बिरेझर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में नशे के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चौकी बिरेझर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कचना स्थित कश्यप ढाबा एवं रेस्टोरेंट के अहाते में अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए संग्रहित की गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी, जहां आरोपी द्वारा अवैध शराब रखे जाने की पुष्टि हुई। मौके से आरोपी के कब्जे से देशी मसाला शराब के 26 पौवा (कीमत 2,600 रुपये) एवं गोल्डन गोवा के 8 पौवा (कीमत 960 रुपये) कुल 3,560 रुपये की शराब जप्त की गई। इस मामले में चौकी बिरेझर में अपराध क्रमांक 343/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी रविशंकर कश्यप पिता गन्नालाल उम्र 49 वर्ष निवासी विन्ध्यवासिनी वार्ड धमतरी (वर्तमान पता ग्राम कचना) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



वहीं दूसरी ओर थाना कुरूद पुलिस ने कॉलेज रोड नहर पार क्षेत्र में चखना ठेलों पर कार्रवाई करते हुए शराब पीने के साधन उपलब्ध करा रहे तीन व्यक्तियों को रंगे हाथ पकड़ा। आरोपियों श्रवण यादव, लक्ष्मण देवांगन एवं नेमीचंद साहू के विरुद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई। आरोपी श्रवण यादव पिता बिजुल यादव उम्र 35 वर्ष निवासी संजय नगर कुरूद, लक्ष्मण देवांगन पिता राधेश्याम उम्र 28 वर्ष निवासी संजय नगर कुरूद, नेमीचंद साहू पिता मोतीराम साहू उम्र 47 वर्ष निवासी शांति नगर कुरूद, जिला धमतरी (छग) शामिल हैं।

### गातापार में शिवमहापुराण आज से



**कोर्रा(भखारा)।** संगीतमय शिवमहापुराण कथा का आयोजन 23 से 27 दिसम्बर तक कर्मा चौक कर्मा मंदिर के पास गातापार में होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। कथावाचिका कल्पना पाण्डेय मेघा मगरलोड होंगी। 23 दिसम्बर को कलश यात्रा, वेदी पूजन के साथ कथा का शुभारंभ होगा। 24 को सृष्टि आरंभ, पार्थिव शिवलिंग महिमा एवं सती चरित्र का वर्णन, 25 दिसम्बर को द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा तथा शिव-पार्वती विवाह प्रसंग, 26 को कार्तिकेय जन्म, गणेश जन्म कथा, बेलपत्र वर्षा एवं शोभायात्रा निकलेगी। 27 दिसम्बर को देवी महिमा कथा, नरक भोग, हवन-पूर्णाहुति, चढ़ोत्री एवं महाप्रसादी के साथ कथा का समापन होगा।

---

## शराब दुकान और गंदा पानी से बठेनावासी परेशान

■ खेतों में निस्तारी पानी, नहरपारा में देशी भट्ठी बनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मदिरालय और गंदा पानी बठेना वार्डवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बार-बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित लोग जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।

बठेना वार्ड के पीड़ित किसान देवीप्रसाद साहू, चन्द्रकुमार साहू, ललित साहू, मनमोहन, नरोत्तम ने बताया कि बठेना वार्ड में उनकी कृषि जमीन है। पिछले दो साल से जिला जेल और बठेना बस्ती का निस्तारी गंदा पानी खेतों में जा रहा है। बदबूदार पानी से स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा हो रही है। किसानी कार्य बाधित हो रहा है। खेतों में पानी जाने से रोकने पर जेल भेजने की धमकी के साथ मेड़ पार को फोड़ा जाता है। यह जनदर्शन में उनकी दूसरी शिकायत है।



बठेना पार्षद श्यामलाल नेताम के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे बठेनावासियों ने बताया कि बठेना नहरपार में देशी शराब दुकान संचालित है। डिस्पोजल गिलास, पानी पाउच की झिल्ली, शीशी बोतल, कचरा से आसपास गंदगी फैली हुई है। शराब दुकान के करीब 40 परिवार निवासरत हैं। शराबियों की गाली-गलौज, हुड़दंगबाजी से शिक्षित परिवार का जीना दूभर हो गया है। कलेक्टर जनदर्शन सहित कई जगह कई बार शराब दुकान हटाने की मांग कर चुके हैं। पीड़ितों का कहना है कि उनकी समस्या को लेकर शासन-प्रशासन की कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

---

सिटी कोतवाली पहुंचकर पैसा वापस दिलाने की मांग

## एयर कंडीशन के बदले खटारा बस भेजी, तीर्थयात्री वापस लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बुकिंग में तीर्थयात्रा के लिए एयर कंडीशन बस भेजने का वादा कर खटारा बस भेज दी। परेशान तीर्थयात्री रास्ते में बस छोड़कर वापस लौट गए। कोतवाली पहुंचकर तीर्थयात्रियों ने पैसा वापस दिलाने की मांग की है।

स्थानीय सोरिद वार्ड के कुछ लोगों ने पाम्पलेट में बस की अच्छी सुविधा देखकर संत गुरू टूर एंड ट्रेव्हल्स कंपनी की एयर कंडीशन बस को प्रति व्यक्त 6500 रूपए के हिसाब से बुकिंग कराई थी। शनिवार की सुबह 56 यात्री तैयार होकर बस का इंतजार कर रहे थे लेकिन बस शाम 4 बजे पहुंची। उसके बद भी सभी यात्री बस में सवार होकर तीर्थयात्रा के लिए निकल गए। राजिम पहुंचते ही बस खराब हो गई जिसे चालक ने किसी तरह ठीक किया। राजिम से आगे बढ़ बस सिमगा के पास पहुंची थी तभी बस के दो टायर फट गए। इस घटना में बस में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। यात्री कड़कड़ाती ठंड में रात भर बस में बैठे रहे। कंपनी से बात करने पर दूसरी बस भेजना बताया गया लेकिन परेशान यात्री खटारा बस से आगे की यात्रा करना उचित न समझ रविवार की सुबह धमतरी वापस लौट आये। यात्री सीधे सिटी कोतवाली पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई कि 1 लाख 65 हजार में एयर कंडीशन बस बुक कराई थी लेकिन उन्हें एयर कंडीशन बस के बदले खटारा बस दी गई। तीर्थयात्रियों ने पुलिस से उक्त राशि को वापस दिलाने की मांग की है।



---

गबन और गंभीर अपराध से बचने प्रताड़ना का झूठा आरोप लगाया : ग्रामीण

## सपरिवार इच्छा मृत्यु मामले में दूसरा पक्ष आया सामने

■ चुनाव हारने के बाद शासकीय मद का चार बार राशि आहरण का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत सिवनीकला पिछले कुछ माह से सुर्खियों में है। पूर्व सरपंच ईश्वरलाल साहू ने शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर टकेश्वर चंद्राकर पर राजनीतिक दबाव बनाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर कलेक्टर से सपरिवार इच्छामृत्यु की मांग की थी। सोमवार को इस मामले का दूसरा पक्ष सामने आया है। ग्राम प्रमुखों, और पूर्व पंचों के साथ कलेक्टर जनदर्शन पहुंचकर टकेश्वर चंद्राकर ने अपने पर लगाए गए आरोप को निराधार झूठा आरोप बताते हुए इसे पूर्व सरपंच द्वारा विभागीय जांच से अपने आपको बचाने का तरीका बताया।



सिवनीकला के पूर्व पंच सुरेश, ललित, तोषण, राधिका, लक्ष्मी, मोनिका, अरूण, जनपद सदस्य टेकराम साहू, पंच लोमेश साहू, ग्रामीण खिलावन चंद्राकर, कपिल पटेल, कुंजीलाल, पुरूषोत्तम, प्रभुराम तारक, मुन्ना बया, नंद निर्मलकर, जानकी तारक, बोधन साहू, मैन निर्मलकर, उपसरपंच दीपदान साहू, शांताबाई पाल, रामआसरा ने कलेक्टर के नाम आवेदन में पूर्व सरपंच के राजनीतिक दबाव और मानसिक प्रताड़ना के आरोप को झूठा बताते हुए कहा है कि यह शिकायत सन 2024-25 में किए गए कार्य की है। चुनाव हारने के बाद चार बार बैंक से राशि आहरण का मामला है। इसे पूर्व पंचों एपं ग्राम प्रमुखों द्वारा किया गया है। शिकायतमय दस्तावेज दिया गया है। जनपद कुरूद ने जांच कमेटी का गठन किया है। जांच प्रक्रिया जारी है। जांच के दौरान प्रमाणित दस्तावेज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद कुरूद एवं विधायक कुरूद को प्रस्तुत किया गया है। आवेदन में कहा है कि टकेश्वर चंद्राकर के विरूद्ध व्यक्तिगत रूप से की गई शिकायत निराधार और झूठी है। शिकायत पूर्व पंचों एवं ग्राम प्रमुखों द्वारा की गई है। शासकीय राशि गबन किए जाने एवं गंभीर आपराधिक कृत्य होने के कारण पूर्व सरपंच नाटकीय घटनाक्रम करते हुए जांच को प्रभावित करने की चेष्टा कर रहा है। मामले की शीघ्र जांचकर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

टकेश्वर चंद्राकर का कहना है कि पूर्व सरपंच ने उस पर जब से सरपंच बना है तबसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पांच साल में उसे सीधे या फोन पर कभी बात नहीं की है। शिकायत सरपंच चुनाव हारने की बात है। वह भी ग्रामीणों और पूर्व पंचों द्वारा की गई है। पहली बार शिकायत वह भी जिला प्रशासन से, यह प्रताड़ना कैसे हो सकती है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### कल्ले में गुरू घासीदास जयंती 24 को

**जीजामगांव।** ग्राम कल्ले में इस वर्ष भी जय सतनाम नव युवा समिति एवं सतनामी समाज के तत्वाधान में 24 दिसंबर बुधवार को बाबा गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया है। एक बजे कलश यात्रा निकल जाएगी। रात्रि में भूले बिसरे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोंगरापाली तेंदूकोना महासमुंद की मनमोहक प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

## निधन

### गायत्री देवी साहू



**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड निवासी गायत्री देवी साहू उम्र 77 वर्ष का 22 दिसम्बर सोमवार को निधन हो गया। वे अमोलक राम साहू की पत्नी, वैष्णवशरण साहू की मां, कुमलेश साहू शिक्षक, टिकेंद्र साहू की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं नगरवासी शामिल हुए।

### बंशीलाल निर्मलकर



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 6 निवासी बंशीलाल निर्मलकर का 20 दिसम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं नगरवासी शामिल हुए।

गड्ढों में वाहन फंसने से चालक गिरकर हो रहे घायल, लोगों ने डाली मिट्टी

# नगरी मेन रोड की जर्जर हालत से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





नगरी से धमतरी को जोड़ने वाली स्टेट हाईवे सड़क की जर्जर स्थिति से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेन रोड सहित बड़े क्षेत्र में सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। गरियाबंद से नगरी की ओर आने वाले वाहन चालकों ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनसे वाहन चलाना बेहद जोखिम भरा हो गया है।

रविवार को इसी मार्ग पर एक कार सवार चालक गहरे गड्ढे के कारण बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गया। बताया गया कि अचानक आए गड्ढे की वजह से वाहन का संतुलन बिगड़ गया और टायर भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद सड़क की बदहाली एक बार फिर सामने आ गई। वाहन चालकों का कहना है कि खराब सड़क के कारण न सिर्फ समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि वाहन मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ रहा है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रविवार रात करीब 9 बजे आसपास के कुछ स्थानीय लोगों ने पहल करते हुए गड्ढों वाले स्थानों पर मिट्टी डाली। उनका उद्देश्य था कि रात के समय आने-जाने वाले वाहन चालकों को गड्ढों का आभास हो सके और किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल अस्थायी उपाय है, स्थायी समाधान के लिए सड़क की मरम्मत बेहद जरूरी है।

राहगीरों के अनुसार इस मार्ग पर लगातार छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों में भय और असंतोष का माहौल है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि नगरी क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों का नियमित आना-जाना रहता है, इसके बावजूद सड़क की स्थिति में कोई ठोस सुधार नजर नहीं आ रहा है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने बताया कि नगरी क्षेत्र की सड़क पर पैच रिपेयरिंग का कार्य शुरू हो गया है और जल्द ही गहरे गड्ढों को भरकर मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# उधारी में चल रहा पंचायतीराज

- सरपंच संघ ने धरना प्रदर्शन कर डिप्टी सीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



सरपंच संघ मगरलोड अध्यक्ष राखी साहू के नेतृत्व में सरपंचों ने जनपद पंचायत कार्यालय के सामने शनि देव मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। विकासखंड की 66 ग्राम पंचायत के सरपंचों ने 15 वें वित्त की राशि के अभाव में विकास ठप होने की पीड़ा व्यक्त की है।

सरपंचों ने बताया कि चुनाव के समय ग्राम विकास करने वादा किया था। पंचायत चुनाव संपन्न होकर सरपंच पद संभालने लगभग 10 माह हो गया है। शासन द्वारा 15 वें वित्त की राशि आज तक ग्राम पंचायत को प्राप्त नहीं हुई है। ग्राम पंचायत स्तर पर नाली सफाई, मोटर पंप मरम्मत, स्वच्छता, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री की सभा में भीड़ जुटाने वाहन खर्च आदि अन्य कार्यों के लिए उधारी में राशि की व्यवस्था की गई है। उधारी में पंचायती राज व्यवस्था से सरपंचगण काफी परेशान हैं। सरपंच संघ की 66 ग्राम पंचायत के सरपंचों ने नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी जायज मांगों के लिए लिखित ज्ञापन डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नाम तहसीलदार को सौंपा।

### जनपद उपाध्यक्ष ने टिन शेड के लिए 10 लाख की घोषणा की



**नगरी।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में गुणवत्ता स्तर का मूल्यांकन करने जनपद उपाध्यक्ष हृदय लाल साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, शाला प्रबंधन एवं विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का अवलोकन किया तथा गुणवत्ता स्तर जांचने कई मानकों पर सवाल पूछे गए, जिसका जवाब एप के माध्यम से भेजे गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर स्थित प्रार्थना स्थल की आवश्यकता को देखते हुए जनपद उपाध्यक्ष साहू ने विद्यार्थियों की सुविधा हेतु टिन शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। इस घोषणा से विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में हर्ष का वातावरण रहा। इस अवसर पर शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति ने जनपद उपाध्यक्ष हृदय लाल साहू का आभार व्यक्त किया।

## अंचल की खबरें

### मेघा में मितानिनों का हुआ सम्मान



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत मेघा में मितानिन, ग्रीन आर्मी, स्वच्छता दीदियों का सम्मान कर श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट किया गया। इस अवसर पर सरपंच मनीषा ध्रुव, उप सरपंच छत्रपाल साहू, सचिव रमेश ध्रुव समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

### 5 साल तक के बच्चों ने पी पोलियो की दवा



**नगरी।** 21 दिसंबर को दुर्गा चौक आंगनबाड़ी केंद्र नगरी में पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पोलियो जैसी खतरनाक बीमारी से बच्चों को बचाने का अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 13 के पार्षद यशकरण सिंह पटेल, शारदा प्रसाद ग्वाले, सुरेश साहू, मोरजध्वज पटेल, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुलोचना साहू, मितानिन खिलेश्वरी साहू, परमेश्वरी उपस्थित थे। पार्षद यशकरण एवं श्री ग्वाले ने मुहल्ले के लोगों को पोलियो केंद्र ले जाकर पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु प्रेरित किया। यह जानकारी एस पी ग्वाले ने दी।

### बच्चों को पिलाई गई आईपीवी की दो बूंद



**नगरी।** ग्राम पंचायत खम्हरिया में पोलियो दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को आईपीवी की दो बूंद पिलाई गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया कि समय पर पोलियो ड्रॉप पिलाने से बच्चों को आजीवन अपंगता से सुरक्षित रखा जा सकता है और स्वस्थ भविष्य की नींव रखी जा सकती है। इस अवसर पर सरपंच संत कुमार मरकाम, पंच रहेत ग्वाल एवं पुष्पा यादव, मितानिन सुशीला नेताम, जानकी साहू, लक्ष्मी कश्यप, उर्मिला रात्रे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माहेश्वरी साहू, उषा कश्यप, आरएचओ किरण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं बच्चे उपस्थित थे।

### सलोनी में 167 बच्चों ने पी पोलियो की दवा



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सलोनी के उपस्वास्थ्य केंद्र में परिचारिका श्रीमती लक्ष्मी सोनकर की अगुवाई में 167 शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया। कुमारी धारा निर्मलकर, भीम पडोटी, संयम नागेश, निहाल कुंजाम, देव्यांश, देबू ध्रुव ,मिन्कू कौशिक, आदि कुमार निषाद, संध्या साहू , मौर्य सोनकर सहित 167 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया। इस कार्यक्रम में नर्स राजेश्वरी साहू, सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव, मितानिनें श्रीमती यशोदा ध्रुव, श्रीमती रेवती साहू, श्रीमती शांति ध्रुव, अनीता ध्रुव, श्रीमती चित्ररेखा साहू, वार्ड पंच लक्ष्मी नागेश, संतोषी पडोटी, मधु निर्मलकर, भोज साहू का योगदान रहा। परिचारिका श्रीमती लक्ष्मी सोनकर ने बताया कि यदि कुछ बच्चे पोलियो ड्रॉप पीने से वंचित रह गये हैं। उनके घरजाकर पोलियो ड्रॉप पिलाया जायेगा।

### नॉमिनी को मिली जीवन ज्योति बीमा की राशि



**सिर्री।** भारतीय स्टेट ग्राहक सेवा केंद्र दरबा द्वारा मुरा निवासी नेहा साहू की मृत्यु पश्चात नॉमिनी उनके पति त्रिलोकनाथ साहू पिता लुकेश्वर साहू को 22 दिसंबर को जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत क्लेम राशि 2 लाख रुपए प्रदान की गई। मौके पर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक आलोक कुमार डोटे, बैंक कैशियर ऑपरेटर टोमेश्वर राम ध्रुव भी मौजूद रहे। संचालक आलोक कुमार डोटे ने बताया कि विगत 9 वर्षों से सेवा केंद्र का संचालन दरबा ग्राम के बाजार चौक में हो रहा है और अभी तक बहुत सारे नॉमिनी को यह लाभ दिलाया जा चुका है। नॉमिनी त्रिलोकनाथ ने बताया कि बीमा क्लेम से मिलने वाली राशि 15 दिनों में प्राप्त हुई जिसे वह अपनी 4 वर्ष की बेटी के पालन पोषण और पढ़ाई में उपयोग करेंगे।

# ड्यूस बाल प्रतियोगिता में भिलाई ने मारी बाजी

- अरौद में हुई राज्यस्तरीय ड्यूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



एसीसी क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्य स्तरीय ड्यूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता ग्राम अरौद में आयोजित की गई। पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे 22000 रूपये एवं शील्ड समिति द्वारा प्रदान कर सम्मान किया गया। रायपुर की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया जिसे 11000 रूपये नगद व शील्ड प्रदान किया गया। मैन ऑफ द सीरीज एवं ट्रॉफी 1111 रूपये सुशीला ओम प्रकाश साहू द्वारा, फाइनल मैन ऑफ द मैच 501 रूपये देवनारायण साहू द्वारा, प्रतीक मैच में मैन ऑफ द मैच , मेडल टिकेश साहू पंच द्वारा, बेस्ट बैट्स मैन 501 रूपये समिति द्वारा, बेस्ट बॉलर को 501 रूपये समिति द्वारा प्रदान किया गया। प्रथम एवं द्वितीय विजेता को ट्रॉफी कुरूद के पूर्व विधायक स्व. चंद्रहास साहू की स्मृति में पुत्र देवव्रत साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका कुरूद द्वारा प्रदान किया गया। संजय ध्रुव, देवव्रत साहू, सुशीला ओमप्रकाश साहू ने आयोजन की प्रशंसा की। मौके पर जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, योगेश चंद्राकर, लक्खू केला, संजय ध्रुव, सरपंच अरौद पेखन साहू, रिखीराम साहू, सुरेश साहू, कुलेश्वर साहू शिक्षक, ओमप्रकाश साहू, सुशीला साहू, प्यारेलाल साहू समेत क्लब के पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे। मंच संचालन योगेश्वर साहू मेघा ने किया।

# जिलास्तरीय लोककला महोत्सव में जग के अंजोर पंथी नृत्य रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोककला महोत्सव 2025 का आयोजन विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में हुआ। इस महोत्सव का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला, परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देना है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट पंथी नृत्य दलों ने सहभागिता की। इनमें ज्ञानधारा पंथी नृत्य दल ग्राम मोतिमपुर तथा जग के अंजोर पंथी नृत्य दल ग्राम करेठा शामिल रहे। दोनों दलों के मध्य पंथी नृत्य की आकर्षक एवं अनुशासित प्रस्तुतियों के आधार पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्णायक मंडल द्वारा किए गए मूल्यांकन में जग के अंजोर पंथी नृत्य दल ग्राम करेठा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ज्ञानधारा पंथी नृत्य दल ग्राम मोतिमपुर ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए ये दोनों चयनित दल 26 से 28 दिसंबर तक विकासखंड नवागढ़ जिला बेमेतरा में आयोजित राज्य स्तरीय गुरु घासीदास लोककला महोत्सव में भाग लेंगे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)**

**:: सूचना पत्र ::**

क्रमांक/ Q/ रा.नि./ 2025

भखारा, दिनांक 22.12.2025

प्रति,

1. महेश पि. गंगूराम
2. शोभितराम पि. माखनलाल
3. ईश्वर पि. मिलाप यादव
4. नरेन्द्र पि. मिलाप यादव

विषय:- सीमांकन जांच निरीक्षण करने बाबत्।

संदर्भ:- न्यायालय नायब तहसीलदार भखारा भठेली के न्या.मा.क्र. 202511113200024/ अ-12/ वर्ष 2025-26

आप लोगो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका महेश पिता/पति गंगूराम जाति नाई निवासी ग्राम पचपेडी कास्तकार ग्राम पचपेडी प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 1206 रकबा 0.10 हे. का सीमांकन जांच निरीक्षण हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है। उक्त संदर्भ के परिपालन में सीमांकन जांच निरीक्षण हेतु दिनांक 26.12.2025 समय 12.00 बजे नियत किया गया है। अतः आप लोग वाद भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित नियत दिनांक व समय पर मौके में उपस्थित रहेगें।

**राजस्व निरीक्षक भठेली**

# बिखर रही कुटुंब व्यवस्था को सहेजने की जरुरत : भंवरलाल

- हाटकेश्वर बस्ती में हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





हाटकेश्वर बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में लगभग 276 लोग पुष्पों के साथ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि भंवरलाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि किंडर गार्डन स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती पूजा ठाकुर, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े शांति स्वरूप दुबे प्रांत महाविद्यालय प्रमुख थे।

मुख्य अतिथि भंवरलाल देवांगन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं 100 वर्षों में किए गए सेवा कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूजा ठाकुर ने पांच परिवर्तन के पांचों बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि आज कुटुंब व्यवस्था बिखर रही है, जिसे सहेजने की आवश्यकता है। उन्होंने परिवार में सामूहिक आरती-भजन, जन्मदिवस या शुभ अवसर पर एक पेड़ लगाने, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और बच्चों में शिष्टाचार विकसित करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता शांति स्वरूप दुबे ने संघ के 100 वर्षों के कार्य, स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका, संघ पर लगे प्रतिबंधों तथा शाखा पद्धति के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में नगर संघ चालक रामलखन गजेंद्र, नगर संचालक महेश शर्मा, मोहन साहू, मोहितराम साहू, रवि शर्मा, घनश्याम साहू, जिला कार्यवाहक धनेश्वर, राकेश साहू, नागदेव मंदिर शाखा हाटकेश्वर के स्वयंसेवक सेवंथ साहू, टकेश्वर सिंह, उमेंद्र भारद्वाज, अमित पटेल, तनिष्क बंजारे, विवेक देवांगन, यमन पटेल, हर्ष पटेल, देवव्रत, डामेश्वर साहू, हाटकेश्वर बस्ती प्रमुख केवल साहू एवं लक्ष्मी नारायण साहू उपस्थित थे।

40 गांव के समाज प्रमुखों की बैठक मां शाकंभरी मंदिर परिसर में हुई

# पटेल समाज धूमधाम से मनाएगा मां शाकंभरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



कोसरिया मरार पटेल समाज की बैठक 21 दिसंबर को सिहावा स्थित मां शाकंभरी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक के पूर्व मां शाकंभरी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

बैठक की अध्यक्षता सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल ने की। बैठक में सिहावा राज अंतर्गत 9 क्षेत्रों के समाज प्रमुखों सहित लगभग 40 गांवों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। अध्यक्ष श्री कौशल ने कहा कि आगामी 3 जनवरी को मां शाकंभरी जयंती पटेल समाज द्वारा प्रत्येक गांव में पूरे विधि-विधान से मनाई जाएगी। इस अवसर पर समाज के प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। इस निर्णय पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई।

बैठक में समाज के वार्षिक आय-व्यय पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में कोसरिया पटेल समाज राजा लतखोर पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, सहसचिव राकेश पटेल, सलाहकार कुंजलाल पटेल, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी राजू पटेल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, सिहावा क्षेत्र ग्रामीण अध्यक्ष हरचंद पटेल, सचिव भूपेश पटेल, बेलर क्षेत्र अध्यक्ष हरिनाथ पटेल, नगरी क्षेत्र अध्यक्ष अघनू राम पटेल, मारागांव क्षेत्र अध्यक्ष बृजलाल पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भानु प्रताप पटेल, घठुला क्षेत्र कोषाध्यक्ष गुलाब पटेल, सांकरा क्षेत्र सचिव डिगेश पटेल, फरसियां क्षेत्र से रामभरोस पटेल, घुटकेल क्षेत्र अध्यक्ष चन्द्रभान पटेल, शाकंभरी मंदिर पुजारी गणेश पटेल, गोविंदपुर क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल उपस्थित थे।

बैठक का संचालन सचिव डिलेश्वर पटेल व आभार प्रदर्शन अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल ने किया।



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा



**नगरी।** भाजपा नेता भावेश चोपड़ा ने छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।

### लालबगीचा में बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा



**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्र. 3 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोलियो दिवस का सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई, जिससे बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद श्रीमती हिमानी भागवत साहू उपस्थित थीं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन वर्षा, गीता, स्वीकृति एवं स्वास्थ्य विभाग का सहयोग रहा।

### गौतम ने पिलाया बच्चों को पोलियो ड्राप



**धमतरी।** सुंदरगंज वार्ड की स्थानीय निवासी रेखा ठाकुर ने बच्चों को पोलियो की पहली खुराक पिलाई। गौतम वाधवानी ने भी अभियान को आगे बढ़ाते हुए बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया। कहा कि इस अभियान में प्रथम स्थान मातृशक्ति का है जो अपने शिशु की देखभाल के लिये अपनी ज़िम्मेदारी निभा रही है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मी सरस्वती ध्रुव, नूतन साहू, प्रज्ञा साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुरजा निषाद, मितानिन सरिता मानिकपुरी का सहयोग रहा।

### पोलियो ड्रॉप्स जीवन को सुरक्षित करने का कारगर उपाय : विजय




**धमतरी।** सघन पल्स पोलियो अभियान तहत 21 दिसंबर को शहर के विभिन्न केंद्रों में पोलियो की ड्रॉप्स पिलाने के बाद 22 और 23 को स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर पहुंचकर ड्रॉप्स पिलाया जायेगा ताकि कोई भी बच्चा इस जीवन रक्षक दो बूंद से वंचित न हो। आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि दो बूंद नवजात शिशुओं के जीवन के रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल होती है। प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी देविका साहू, मनीषा साहू, रश्मि पटेल, मितानिन सरस्वती ढीमर उपस्थित रहीं।

### पंथी नृत्य से दिया सामाजिक समरसता का संदेश



**धमतरी।** गुरु घासीदास जयंती पर हटकेशर वार्ड में पंथी नृत्य हुआ। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता हिन्दू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि हेमराज सोनी गौ सेवा जिला अध्यक्ष, लक्ष्मण पहलवान, भरत देवांगन पार्षद, संतोष, लालबगीचा की वार्ड पार्षद श्रीमती साहू, शुभम केशवानी, जतिन देवांगन, अविनाश, कोमल संभाकर, आयुष दीवान थे। इस दौरान वार्डवासियों ने महापौर से विभिन्न निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए की मांग की जिस पर महापौर ने आश्वासन दिया। महापौर ने संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के चमत्कार का वर्णन किया और उनकी शक्तियों से समाज को परिचित कराया। हेमराज सोनी ने बाबा धाम का महत्व बताया। कोमल संभाकर ने समाज को बाबाजी के विचारों पर चलने का आग्रह किया। दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि बाबा जी कहते हैं कि सत्य ही ईश्वर है। सभी मनुष्य एक समान है। सतनाम और सनातन एक ही है जिसका न कोई आदि है न अंत। अपने धर्म का पालन करो और बुराइयों से दूर रहो।

### कारपेंटर संघ ने किया श्रवण बाधितार्थ स्कूल में श्रमदान



**धमतरी।** श्रमदान दिवस पर कारपेंटर कल्याण संघ ने शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में श्रमदान किया। पौधे भी रोपे। मौके पर कारपेंटर कल्याण संघ अध्यक्ष रविशंकर साहू, उपाध्यक्ष रघुनाथ शर्मा, सचिव रमाकांत पटेल, सहसचिव जितेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष शत्रुघन साहू, उपकोध्यक्ष त्रिभुवन साहू, संरक्षक मोहन बरनेला, छितरमल, केशव पटेल, लक्ष्मी पटेल, आसाराम, लाभेद साहू, गणेश नेताम, टामेश्वर देशमुख, पप्पू पटेल, बसंत पटेल, सदाराम साहू, चंद्रशेखर पटेल, गिरधर पटेल मौजूद थे।

11 केवी करंट की चपेट में आया था किसान, 1 माह बाद मौत, मुआवजे की मांग

# सिवनीकला सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ मृतक के परिजन, किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिवनीकला सोसाइटी में 19 नवंबर को धान खाली करते समय 11 केवी करंट की चपेट में आने से गोबरा निवासी भोजराज साहू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका शरीर 35 प्रतिशत झुलस गया था। इस मामले में भोजराज के परिजनों सहित गोबरा के किसानों ने सिवनीकला सोसाइटी प्रबंधक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था और प्रबंधक को तत्काल निलंबित करने और सम्पूर्ण इलाज की मुआवजा राशि सोसाइटी प्रबंधक से दिलाने की मांग की थी। सोसायटी प्रबंधक को निलंबित तो कर दिया गया लेकिन मृतक के परिजनों को उचित न्याय के नाम पर झुनझुना थमा दिया गया। दुर्घटना के ठीक 1 महीने बाद 19 दिसंबर को रायपुर के निजी अस्पताल में परिजन लाखों रुपए खर्च कर भोजराज को नहीं बचा पाए। किसान 1 महीने तक जिंदगी और मौत के बीच की लड़ाई लड़ता रहा। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसे लेकर परिजनों एवं किसानों में सोसायटी प्रबंधक के खिलाफ भारी आक्रोश है। उचित न्याय और मुआवजे की मांग प्रशासन से की है। साथ ही इस मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित न्याय दिलाने की मांग की गई। खूबलाल साहू सहित अन्य किसानों ने लापरवाह प्रबंधक को पूर्णतः बर्खास्त करने की मांग सहित प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए कहा कि उक्त सोसायटी के लापरवाह प्रबंधक के अस्थाई निलंबन के पश्चात पुनः सोसायटी में सेवा देना अन्य किसानों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसीलिए उसे सिवनीकला में सेवा से पूर्णतः बर्खास्त किया जाए।



■ परिजनों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



### कार्रवाई की मांग को लेकर भटकते रहे परिजन

परिजनों ने बताया कि भीड़ भाड़ नहीं होने के बाद भी धान को अलग-अलग जगह में खाली करवा रहे थे। घटना के बाद भी व्यवस्थापक ने इमरजेंसी 108 को भी फोन करने के लिये जरुरत नहीं समझा । आधे घन्टे तक किसान बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। व्यवस्थापक मूकदर्शक बना बैठा रहा। किसान के परिवार ने अपने घर से गाड़ी लेकर धमतरी के मसीही अस्पताल पहुंचाया । जबकि घटना के तुरंत दूसरे दिन बिजली तार को ऊपर उठा दिया गया। यदि बिजली तार का सुधार धान खरीदी से पहले कर दिया होता तो ये दर्दनाक दुर्घटना नहीं होता। भोजराज के भाई खूबलाल साहू ने बताया कि इतना बड़ा हादसा होने के बावजूद शाम को कांटा तौलाई के बाद सोसायटी में कमलेश हमाल द्वारा 250 रूपए की मांग परिजन के भाई खूबलाल साहू एवं उनके भतीजों से की गई थी। जबकि पैसा लेने का कोई प्रावधान नहीं है। इन सभी मामलों के चलते परिजनों और किसानों में भारी आक्रोश पनप रहा है। परिजनों सहित किसानों ने कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### कैसे हुई थी घटना, कलेक्ट्रेट में उठी थी मांग

इस घटना को लेकर भोजराज के परिजन एवं गोबरा के दर्जनों किसान 24 नवंबर सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। परिजनों सहित किसानों ने उस दौरान प्रशासन को अवगत कराया था कि सिवनीकला सोसाइटी में 3 से 4 फीट मुरूम डालने के बाद प्रबंधक ने विद्युत विभाग में 11 केवी के तार के खंभे को ऊपर उठाने के लिए कोई आवेदन भी नहीं दिया जिसके चलते यह दुर्घटना हो गई। भोजराज साहू की पत्नी हीराबाई और भाई खूबलाल साहू ने आगे बताया कि 19 नवंबर दिन-बुधवार की सुबह लगभग 9 बजकर 30 मिनट को एक ट्रैक्टर धान को टोकन के माध्यम से बिक्री करने गया था। धान को खाली करते समय मेरे पति 11 केव्ही विधुत तार के सम्पर्क में आने के कारण हादसा का शिकार होकर 35-40 प्रतिशत जल चुके थे। परिजनों सहित किसानों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्वाई करते हुए सिवनीकला सोसाइटी के प्रबंधक को सम्पूर्ण इलाज की मुआवजा राशि प्रबंधक से दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, कुरूद एसडीएम, तहसीलदार एवम थाना प्रभारी को भी ज्ञापन सौंपा था।

### इलाज के दौरान 1 महीने बाद हुई मौत

किसान भोजराज की जान बचाने के लिए उसका दायां पैर काटा गया था। उसके बाद भी भोजराज के ऊपर की चमड़ी लगाने के लिए उनके पुत्र गगन के पैर का मांस निकाला गया था। फिर इलाज जारी रहा। लेकिन किसान नहीं बच पाए।

### प्रबंधक को बर्खास्त करने की उठी मांग

परिजनों खूबलाल साहू, गगन साहू, मतीबाई रामजी साहू सरपंच गोबरा एवं आक्रोशित किसानों ने कहा कि इस मामले में सही जांच कर जल्द कार्वाई नहीं हुई तो वह सिवनीकला सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ घटनास्थल पर उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# धमतरी में आज से गूंजेगी रामकथा

■ भजन संध्या और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर में आज से भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म का भव्य संगम देखने को मिलेगा। श्रीराम लीला गौशाला मैदान में 23 से 31 दिसंबर तक नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक अतुलकृष्ण भारद्वाज महाराज रामकथा का रसपान कराएंगे। इस आयोजन के सूत्रधार समाजसेवी पं. राजेश शर्मा हैं। गौशाला मैदान में विशाल और आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। रविवार को आयोजन समिति के सदस्यों ने स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। श्रीराम कथा का आयोजन प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से किया जाएगा। प्रथम दिवस दीप प्रज्वलन के साथ कथा का शुभारंभ होगा। दूसरे दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग, तीसरे दिन श्रीराम जन्मोत्सव, चौथे दिन बाललीला एवं अहिल्या उद्धार, पांचवें दिन श्रीराम विवाह एवं परशुराम संवाद, छठवें दिन वनगमन एवं केंवट प्रसंग, सातवें दिन शबरी संवाद, आठवें दिन सुंदरकांड का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। नवम और अंतिम दिन 31 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्रीराम तिलक, हवन, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम कथा के दौरान 28 एवं 29 दिसंबर को श्री श्याम कीर्तन भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायिका दीदी राधिका किशोरी अपनी सुमधुर प्रस्तुतियां देंगी। इस अवसर पर नृत्य-नाटिका भी मंचित की जाएगी। 30 दिसंबर को श्रीराम भक्ति की काव्यमयी संध्या आयोजित होगी, जिसमें देश की प्रसिद्ध कवयित्री अनामिका अंबर अपनी ओजस्वी और भावपूर्ण कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। यह कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक चलेगा। रविवार को आयोजन स्थल पर पं. राजेश शर्मा के साथ जितेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, दयाराम साहू, भरत सोनी, विजय मोटवानी, दिलीप सोनी, विकास शर्मा, योगेश रायचुरा, लक्की डागा, राजू भालेकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गणेशराम बने साहू समाज के जिलाध्यक्ष

■ सामाजिक पदाधिकारियों ने दिया एकता, भाईचारा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला साहू समाज का चुनाव तेलीनसत्ती साहू समाज भवन में हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी संतराम साहू, सहयक निर्वाचन अधिकारी नंदकुमार साहू, भारत लाल साहू, कृष्णाराम साहू, गौतमचंद साहू, केआर बांकड़े, जितेंद्र साहू, रामचंद्र साहू, हृदयलाल, तिलक राम, तेजन साहू, होमेन्द्र साहू ,छबिलाल साहू के निर्देशन में मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ।

अध्यक्ष पद हेतु गणेशराम साहू, मालकराम साहू, विजय साहू, अवनेंद्र साहू, लीलाराम साहू, लकेश्वर साहू, राजेश साहू, उपाध्यक्ष पद पुरुष के लिए पोषण साहू, तोरण साहू, राजेंद्र साहू, गोपाल साहू, डॉ राधेश्याम साहू, उपाध्यक्ष महिला हेतु दमयंती साहू, निर्मला साहू, संगठन सचिव पुरुष कमलेश साहू, सुभाषचंद्र साहू, संगठन सचिव महिला दुर्गा साहू मैदान में थे। समाज के वरिष्ठ जनों ने एकता व संगठन को मजबूती प्रदान करने आपसी सहमति से मनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा की।

अध्यक्ष गणेश राम साहू, उपाध्यक्ष पुरुष राजेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष महिला निर्मला साहू, संगठन सचिव पुरुष सुभाषचंद्र साहू, संगठन सचिव महिला दुर्गा साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रदेश पर्यवेक्षक खिलावन साहू ने पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विपिन साहू, पूर्व महामंत्री दयाराम साहू, विधायक ओंकार साहू,रामकिशुन साहू, पवन साहू, लेखराम साहू, रंजना साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, रामदयाल साहू, चितरंजन साहू, लालाराम साहू, मनीषा साहू, रोहित साहू, कामताप्रसाद साहू, कृष्णकांत साहू, चंद्रभागा साहू, श्यामा साहू, पद्मनी साहू, रुक्मणि साहू, बालाराम साहू, डॉ. गणेश प्रसाद साहू, हिरेंद्र कुमार साहू, डीपेंद्र साहू ने पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाई।

# सरकारी गाड़ी से कर रहे निजी दौरा, निगम को नुकसान



**धमतरी।** नगर निगम में कांग्रेस के पार्षदों का धरना एवं प्रदर्शन आज भी जारी रहा। कांग्रेसियों ने कहा कि सरकारी गाड़ी तथा निगम का डीजल लेकर रायगढ़, जांजगीर, बिलासपुर, रायपुर का व्यक्तिगत दौरा करते हुए निगम को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाया जा रहा है जबकि नगर निगम की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। निगम की गाड़ी इनोवा को निगम में कार्य अवधि के लिए उपलब्ध कराया जाता है जिसे लेकर पार्षदों ने नारेबाजी की। कांग्रेस पार्षदों ने कड़ा विरोध कर निगम प्रशासन को जगाने प्रयास किया तथा चेतावनी दी कि आगामी समय में यह कार्य जारी रहा तो वाहन को ताला लगा दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में 70 वर्षीय बुधंतीन बाई ने बताया कि पिछले 7 महीने से पेंशन नहीं मिल रही है पेंशन के लिए रोज निगम के चक्कर काट रही हूं। तबीयत खराब है। इलाजके लिए चांदी की चूड़ी बेची। धरना प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, प्रदेश महिला सचिव सूर्यप्रभा चेटियार, पार्षद योगेशलाल, सूरज गहरवाल, सुमन मेश्राम, पूर्णिमा रजक, उमा ध्रुव रामेश्वरी कोसरे, अजय वर्मा, राजेश पांडे, राजेश ठाकुर, सोमेश मेश्राम, गौतम वाधवानी, वातांजलि गोस्वामी, गणेश्वरी कामडे, अजय सिन्हा, अविनाश मरोठे, श्याम कुमार देवांगन उपस्थित थे ।

# कार्पोरेट प्रीमियर लीग 4 का शानदार आगाज

■ पीडी कंपनी एवं हैवेल्स गैलेक्सी के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पीजी कॉलेज स्टेडियम में कार्पोरेट प्रीमियर लीग 4 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हो चुका है। इस टूर्नामेंट में विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी स्वर्गीय पुरुषोत्तम दास धोरीभाई पटेल (भूतपूर्व विधायक) एवं स्वर्गीय प्रवीणचंद्र पटेल की स्मृति में प्रदान की जाएगी, जिसे पीडी कंपनी की ओर से निशित पटेल द्वारा दिया जाएगा।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार के रूप में 30 हजार रुपये की नगद राशि रखी गई है, जिसे हैवेल्स गैलेक्सी के निशित पटेल द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया जा रहा है। इस आयोजन में गुप्ता हॉस्पिटल से डॉ. प्रभात गुप्ता एवं डॉ. सुमित गुप्ता, एकता हॉस्पिटल से डॉ. अभिषेक लॉज एवं डॉ. अभिषेक गोयल तथा डॉ. सतप्रीत सिंह छाबड़ा की भी सहभागिता रही।

कार्पोरेट प्रीमियर लीग 4 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार शाम 6 बजे से प्रारंभ हुई। उद्घाटन मुकाबले में बरोड़ा रॉयल्स और एचडीएफसी बैंक के बीच मैच खेला गया, जिसमें बरोड़ा रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की।

दूसरे मैच में सिंधी जैन क्रिकेट क्लब और श्रीराम हॉस्पिटल के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें श्रीराम हॉस्पिटल ने 8 विकेट से जीत हासिल की। तीसरे मैच में सीए इलेवन और मोबाइल इलेवन आमने-सामने रहे, जहां सीए इलेवन ने कड़े संघर्ष में 9 रनों से जीत दर्ज की। वहीं रात्रि का चौथा मुकाबला मेट्रोफिट जिम और जेएस किंग्स के बीच खेला गया, जिसमें जेएस किंग्स ने 4 विकेट से विजय प्राप्त की। कार्पोरेट प्रीमियर लीग-4 के शुभारंभ पर खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला और आगामी मुकाबलों को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्सुकता बनी हुई है।

### कोसरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन 14-15 मार्च को



**धमतरी।** छग कोसरिया यादव समाज ग्रामीण धमतरी राज की बैठक ग्राम छाती में हुई जिसमें वार्षिक अधिवेशन 14 एवं 15 को मार्च को ग्राम पहंदा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता बलराम यादव शकरवारा ने की। बैठक में संरक्षक घुराऊराम यादव छाती, रामलाल यादव रींवागगन, छबिलाल भेंड्रा, शिवप्रसाद अमेठी, गैन्दलाल यादव मरादेव, प्रभु यादव अमेठी, नारायणसिंह यादव, सोहनलाल यादव तेंदुकोना, गुहन यादव बिरेतरा एवं 11 पाली के पदाधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी तुलसीराम यादव ने दी।

### बाबा ने सत्य की राह पर चलने का दिया उपदेश : गायकवाड़

**कुरूद।** शनिवार को कुरुद विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत गातापार, खपरी, कुम्हारी में आयोजित घासीदास जयंती कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कुलेश्वरी गायकवाड़ ने जैतखाम और गुरु की पूजा-अर्चना कर पालो चढ़ाया। अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर जिला पंचायत सभापति श्रीमती गायकवाड़ ने समाज को मनखे-मनखे एक समान और नशामुक्ति की राह पर चलकर गुरु घासीदास बाबा के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज हम गुरु घासीदास की 269वीं जयंती मना रहे हैं। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि बाबा ने छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर जन्म लिया। गुरु घासीदास ने सतनाम समाज की स्थापना कर हमें सत्य की राह पर चलने का उपदेश दिया और सभी मनुष्य को एक समान बताते हुए साथ मिलजुल कर रहने को कहा था। नशामुक्ति और भेदभाव रहित समाज की रचना कर हम उनके संदेश को जनमन तक पहुंचा सकते हैं। पूर्व जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़ ने भी अपने विचार रखे।

सामान्य सभा में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

# नगरी की जर्जर 52 दुकानों को तोड़ने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



जनपद पंचायत नगरी के सभा कक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में नगरी क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष ने की। बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई, तत्पश्चात सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित प्रकरणों पर चर्चा कर पात्र हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में सुखद सहारा पेंशन, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, राष्ट्रीय विकलांग पेंशन एवं राष्ट्रीय विधवा पेंशन के मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात प्रियदर्शनी परिसर अंतर्गत निर्मित 52 जर्जर दुकानों (परिसरों) के डिस्मेंटल (तोड़ने) का प्रस्ताव सदन में रखा गया, जिसे चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सामान्य सभा की बैठक में वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर जनप्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी जताई। विशेष रूप से नगरी क्षेत्र अंतर्गत चारों एसडीओ (वन विभाग) के अनुपस्थित रहने पर सदस्यों ने कहा कि संबंधित अधिकारी प्रायः सामान्य सभा की बैठकों में उपस्थित नहीं रहते, जो गंभीर विषय है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को सूचना भेजने का निर्णय लिया गया। वहीं, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ की अनुपस्थिति को जनपद पंचायत अध्यक्ष ने गंभीर लापरवाही बताते हुए असंतोष व्यक्त किया।

अन्य महत्वपूर्ण निर्णय बैठक में मनरेगा लेबर बजट वर्ष 2026–27 के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही प्रियदर्शनी कॉम्पलेक्स कट क्रमांक-13 (माधव मेहत्तर) के उत्तराधिकारी के नाम नामांतरण के विषय पर विचार कर निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति एवं संशोधन प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई।सदस्यों ने जनपद पंचायत की अनुमति से अन्य जनहित से जुड़े विषयों को सदन में रखते हुए क्षेत्रीय समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष प्रेमलता नागवंशी, सदस्य राजेश गोसाई, प्रमोद कुंजाम, क्षमा साहू, मुनेंद्र ध्रुव, नंदिनी साहू, हनीफ अली, शुभम यदु, भुवनेश्वरी घृतलहरे, पन्नालाल, सोनराज वट्टी, मौसमी मांडवी सहित जनपद पंचायत सीईओ रोहित कुमार बोरझा, एसके ठाकुर, आयुष झा उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को चित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम सेहराडबरी प.ह.नं. 22 मंडल भोथली तहसील व जिला धमतरी स्थित भूमि खसरा नंबर 39/1 रकबा 0.32 हे. में से करीब 15000 वर्गफीट भूमि को क्रय करने का सौदा किया गया है जिसकी पंजीयन की कार्यवाही अति-शीघ्र होनी है।

अतः उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय बैंक अथवा समीपस्थ भूमि स्वामी या अन्य किसी को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति करना हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के अंदर अपने आपत्ति के संबंध में अथवा अपने स्वामित्व संबंधित संपूर्ण दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को हर प्रकार के विवादों एवं भारों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजीयन करा लेवेगा ।

अतः यह सूचना सद्भावना पूर्वक प्रकाशित करायी जा रही है ।

धमतरी
दिनांक :-23/12/2025

एम.डी. लच्छवानी
अधिवक्ता
भगवती बेकरी के पास विमल टाकीज रोड बनियापारा धमतरी

## खबर संक्षेप

### परसुली मड़ई 6 जनवरी को

**धमतरी।** ग्राम परसुली में 6 जनवरी को ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन हेतु मां के ममता चिखली बांधाबाजार जिला मोहला मानपुर का नाचा प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद, सचिव तोरण निषाद व गांव पटेल कृष्ण कुमार साहू ने दी।

### जहर सेवन कर महिला ने की आत्महत्या



**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक विवाहिता ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम लिमतरा निवासी मनीषा साहू पति प्रकाश उम्र 32 वर्ष की शादी दस साल पहले हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। पति प्रकाश साहू किसानी का का काम करता है। रविवार की सुबह पति खेत चला गया। घर में महिला, बच्चे व परिवार के लोग थे। इसी दौरान महिला उल्टी कर रही थी जिसे देख देवरानी शारदा साहू ने फोन पर प्रकाश को इसकी सूचना दी। जानकारी होते ही प्रकाश तत्काल घर पहुंच गया। महिला द्वारा की गई उल्टी से जहरीली दुर्गंध आ रही थी। निजी वाहन की मदद से महिला को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। डाक्टर द्वारा पूछे जाने पर महिला ने जहर सेवन करना बताया। अस्पताल में महिला की इलाज के दौरान रविवार की शाम मौत हो गई। चौकी पुलिस ने सोमवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। महिला द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

### 2025-26 के लिए 11.86 करोड़ का लक्ष्य, हुई 5.50 करोड़ रुपये की वसूली

# नगर निगम की वसूली सुपरफास्ट, आधे से ज्यादा लक्ष्य हासिल, रिकॉर्ड एंडिंग की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




नगर निगम ने चालू वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली के मोर्चे पर मजबूती के संकेत दिए हैं। सीमित संसाधनों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बावजूद निगम ने अब तक अपने वार्षिक लक्ष्य का 48 प्रतिशत से अधिक हासिल कर लिया है। अधिकारियों का दावा है कि शेष चार महीनों में विशेष अभियान चलाकर वसूली लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नगर निगम को 11.86 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली का लक्ष्य दिया गया है, जिसके मुकाबले अब तक करीब 5.50 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। निगम प्रशासन का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया और शासन के अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगने के कारण पिछले कुछ समय में वसूली प्रभावित हुई, लेकिन अब हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं।

निगम के डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा ने बताया कि कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए फंड जुटाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में राजस्व वसूली को गति देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे शेष 6 करोड़ रुपये की वसूली समय-सीमा में पूरी की जा सकेगी।

निगम सूत्रों के अनुसार, शहर में लगभग 22 हजार मकान और दुकानों से टैक्स वसूली की जानी है। नक्शा प्रोजेक्ट के तहत एआरआई द्वारा मौके पर जाकर डाटा सत्यापन का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे भविष्य में वसूली प्रणाली और अधिक पारदर्शी व मजबूत होगी।

इस बीच नगर पालिक निगम धमतरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मंगलू निर्मलकर ने निगम प्रशासन के पक्ष में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि वर्तमान में निगम के कर्मचारियों को प्रति माह नियमित और समय पर वेतन का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयुक्त के चिकित्सा अवकाश के कारण वेतन भुगतान में कुछ दिनों की देरी अवश्य हुई थी, लेकिन इसे लेकर फैलाया जा रहा भ्रम तथ्यहीन है।

उन्होंने यह भी बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार निगम कर्मचारियों को दो माह का वेतन एक साथ दिया गया था। वर्तमान निगम प्रशासन के प्रयासों से वेतन व्यवस्था में सुधार हुआ है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है और वे पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

निगम प्रशासन का भरोसा है कि आने वाले समय में टैक्स वसूली में और तेजी आएगी और वित्तीय वर्ष की एंडिंग तक लक्ष्य को न केवल पूरा किया जाएगा, बल्कि रिकॉर्ड वसूली की दिशा में भी निगम अग्रसर है।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा से हेमराज ने की मुलाकात



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ आगमन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भाजपा पिछड़ा मोर्चा बस्तर संभाग के हेमराज सोनी ने एयरपोर्ट पर भेंट की।

## नियमित मेडिटेशन से हम अपनी सोच के सृजनकर्ता बनते हैं : सरिता

**धमतरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी द्वारा 21 दिसम्बर विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सांकरा स्थित तपोवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालिका सरिता दीदी ने ध्यान का महत्व बताते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया है जो मानवता की सेवा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दिनभर मन में उठने वाले विचार ही हमारी ऊर्जा बनते हैं, वही ऊर्जा भावनाओं में बदलती है और फिर वही हमारे शब्दों, कर्म और जीवन के अनुभव रचती है। जब सोच बिखरी होती है, तो ऊर्जा भी बिखर जाती है। मेडिटेशन हमें यही सिखाता है कि सोच को दबाना नहीं है, बल्कि उसे सही मार्ग देना है। जैसे बहती नदी को दिशा मिल जाए तो वह जीवनदायिनी बन जाती है, वैसे ही विचारों की ऊर्जा जब जागरूकता के साथ बहती है, तो भीतर की शक्ति जागृत होती है।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री को दिया गया रामकथा का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर में आयोजित होने वाली अतुल कृष्ण भारद्वाज महाराज की रामकथा का शुभारंभ आज से होने जा रहा है। इस अवसर से पूर्व आयोजक पंडित राजेश शर्मा के नेतृत्व में पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षदगण पिंटू यादव, कुलेश सोनी एवं लकी डागा राजधानी रायपुर पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुरुद क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर से भेंट कर उन्हें रामकथा में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रण पत्र सौंपा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने आग्रह स्वीकार करते हुए रामकथा के शुभारंभ दिवस पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की सहमति दी। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के परिप्रेक्ष्य में आयोजित इस रामकथा को क्षेत्र की आध्यात्मिक धरोहर को समृद्ध करने वाला बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन सनातन संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हैं।

उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजक पंडित राजेश शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए रामकथा के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित होने की कामना की।

## नशे के कारण हुआ सड़क हादसा, दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शराब के नशे में स्कूटी चला रहे दो युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम भटगांव निवासी भुनेश्वर साहू पिता माखन लाल उम्र 32 वर्ष व गांव के जुम्मन साहू पिता तोरण उम्र 31 वर्ष दोनों सोमवार को एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 सीवाय 7283 में सवार होकर खिड़कीटोला मार्ग पर स्थित शराब दुकान गए थे। जहां से दोनों अत्यधिक मात्रा में शराब सेवन कर एक्टिवा से भटगांव लौट रहे थे। गांव पहुंचने के पहले एक्टिवा अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। घटना में दोनों युवक घायल हो गए। भुनेश्वर को ज्यादा चोट आई है। वहीं जुम्मन मामूली रूप से घायल हुआ है। वहीं एक्टिवा के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। सूचना पर वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान तत्काल घटनास्थल पहुंचे औ सड़क पर अचेत पड़े भुनेश्वर को एम्बुलेंस के उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल जुम्मन को उपचार के लिए भटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया।




## नई सकारात्मक परंपराओं को आत्मसात करना समाज की प्राथमिकता : अशोक

- छग झरिया महार, महरा समाज का हुआ वार्षिक अधिवेशन एवं परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी







छत्तीसगढ़ झरिया महारख महरा समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन रानीतराई परिक्षेत्र अंतर्गत मेश्राम कृषि फार्म, औंसर में हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

अधिवेशन के दौरान बच्चों एवं युवाओं के लिए अनेक प्रतियोगिता हुई। बच्चों ने ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप गर्म कपड़े प्रदान किए गए। श्रीदेव जी युवा मंच द्वारा वार्षिक सामाजिक कैलेंडर के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया गया। डॉ. नेहरू दूत कामड़ी द्वारा लिखित पुस्तक का भी विमोचन हुआ। दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पत्रकार ओमप्रकाश औसर तथा छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य की कवयित्री सुमित्रा कामड़िया शिशिर को विशेष सम्मान दिया गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी जनप्रतिनिधियों एवं बोर्ड परीक्षाओं में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया।सामाजिक आम चुनाव भी हुआ। अशोक मेश्राम प्रांताध्यक्ष, मेलाराम तुर्याकर उपाध्यक्ष, जगमोहन नागवंशी सचिव, गिरधर मेश्राम कोषाध्यक्ष, बसंत सोनवानी महामंत्री, मंजुलता अंगारे महिला संगठन अध्यक्ष, दीप्ति मेश्राम उपाध्यक्ष तथा ज्ञानेश्वरी कामड़े सचिव बनाए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली।

इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष अशोक मेश्राम ने कहा कि सामाजिक एकता बनाए रखना, कुरीतियों का उन्मूलन करना तथा नई सकारात्मक परंपराओं को आत्मसात करना समाज की प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम में पूर्व प्रांताध्यक्ष खिलावन चोपड़िया, चंद्रभान मेश्राम, गजेंद्र सारधे, रेवाराम रायपुरिया, केशव राम पटेल, गौकरण पटेल, हरिकिशन पावरिया, सोमेश मेश्राम, प्रकाश नाग, हितेश, संध्या सोनवानी, शशिकिरण कामड़े, सर्व महार समाज के प्रांताध्यक्ष एसआर शैलेंद्र, हेमंत यारदा, एमआर सोरदे सहित समाजतनउपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र गंगवीर एवं पवन कुमार कामड़े ने किया। इस दौरान महरा समाज गीत का भी विमोचन किया गया। लोकप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायिका अलका चंद्राकर द्वारा प्रस्तुत इस सामाजिक गीत को समाजजनों की उपस्थिति में लॉन्च किया गया।

## मेनोनाईट बोर्ड आफ क्रिश्चियन एजुकेशन ने मनाया क्रिसमस पर्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एमबीसीई द्वारा अपने कर्मचारियों, शिक्षकों सहित बोर्ड के सभी सदस्यों के लिए क्रिसमस एवं नये वर्ष से पूर्व क्रिसमस पर्व एवं क्रिसमस डिनर का आयोजन धूमधाम से किया जिसमें क्रिश्चियन बोर्ड द्वारा संचालित सभी संस्थाओं के कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु ईसा मसीह की आराधना के साथ किया गया। विशिष्ट अतिथियों ने प्रभु ईशा मसीह के जीवन और वचनों को प्रस्तुत किया।

कर्मचारियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसका सभी लोगों ने आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. डायमंड फिलिप, बोर्ड के मैनेजर एमके मसीह, सचिव मनेश सिंग, नवीन बघेल, उपाध्यक्ष आर. ख्रिस्टी, मनशेष सिंग, डॉ. पीके मार्टिन, व्हीएम जूरी, अनिल राघवा, पास्टर आशीष मिलाप, अनिल नरोत्तम, डॉ. पटौंदा सहित बोर्ड द्वारा संचालित सभी शालाओं के प्राचार्य एवं स्टाफ उपस्थित थे। इस अवसर पर डिवोशनल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रभु ईशा मसीह को समर्पित प्रार्थना एवं आव्हान गीत प्रस्तुत किया गया। बोर्ड द्वारा संचालित सभी संस्थाओं के कर्मचारियों को उपहार एवं स्मारिका वितरित की गई। अतिथियों के लिए क्रिसमस भोज का आयोजन किया गया।

### परखंदा में पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

**कुरूद।** जिले में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरकार द्वारा पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का आयोजन 21 दिसम्बर से किया गया है । इस अभियान के अंतर्गत ग्राम परखंदा में सुबह 8 बजे से दो पोलियो बूथ में 0 से 5 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान की शुरूआत गांव के सरपंच पति मोहित कुमार साहू ने सर्वप्रथम अपने बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाकर की।







### नगर पंचायत भखारा में छोटे बच्चों ने पी पोलियो की दवा

**भखारा।** जिले में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरकार द्वारा पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का आयोजन 21 दिसम्बर से प्रारंभ किया गया है। नगर पंचायत भखारा में सुबह 8 बजे से पोलियो बूथ में 0 से 5 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। छोटे बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर पूर्व पार्षद संतोषी निषाद ने अभियान की शुरुआत की। उन्होंने नगरवासियों से छोटे बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने की अपील की है।

